Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा)–366 / 2019....202....

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
शेखपुरा एवं सुपौल।

पटना, दिनांक : 21-01-2021

विषय :– पूर्व से किस्तवार पूर्ण राजस्व ग्रामों का प्राथमिकता के आधार पर विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का कार्य पूर्ण करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि आपके जिले में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के पदस्थापन के पूर्व उपलब्ध कार्य बल के आधार पर प्राथमिकता के आधार पर घाटकुसुम्भा एवं पिपरा अचंल में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया था। उक्त कार्य में तत्कालीन संविदा अमीन एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा अनेक ग्रामों में किस्तवार का कार्य पूर्ण कर मोन्यूमेंटेशन की कार्रवाई पूर्ण की गई। जिले के चयनित अंचलों के सभी ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण कार्रवाई पूर्ण करने के क्रम में आनेवाली समस्याओं के आकलन एवं समाधान के लिए आवश्यक है कि जिन ग्रामों में किस्तवार का कार्य पूर्ण हो चुका है कि उनमें प्राथमिकता के आधार पर विशेष सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाई जाए एवं विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।

वर्त्तमान समय में आपके जिले की समीक्षोपरान्त स्पष्ट है कि शेखपुरा जिला में घाटकुसुम्भा अचंल अंतर्गत तीन राजस्व ग्राम (1) गुड़ेरा थाना नं0 91 (2) जगदीशपुर थाना नं0 310 (3) अरैया थाना नं0–206 तथा सुपौल जिला अंतर्गत दो राजस्व ग्राम (1) लक्ष्मणदास चकला–252 (2) दुलारी–207 में किस्तवार एवं मोन्यूमेंटेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, परंतु प्रपत्र–6 की प्रविष्टियों को विहित प्रपत्र की पंजी में भरने की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है एवं भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि किया जाना बाकी है। अतः इन राजस्व ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण किया जाना सरल हागा। इस संदर्भ में राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने के क्रम में आनेवाली समस्याओं के राज्य स्तरीय समस्याओं के समाधान एवं संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीन, कानूनगो तथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के सतत अनुश्रवण के लिए निदेशालय के जिला स्तरीय नोडल सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों को नोडल के रूप में निम्नवत् सम्बद्ध किया जाता है :–

क्र0 सं0	नोडल पदाधिकारी का नाम	मोबाइल नं0	जिला का नाम	राजस्व ग्राम एवं थाना नं0
1.	श्री अशोक कुमार शर्मा (स0ब0प0)	6200569866	शेखपुरा	गुड़ेरा, थाना नं0–91
2.	श्री इन्दुभूषण श्रीवास्तव (स0ब0प0)	6200380376	शेखपुरा	जगदीशपुर, थाना नं0–310
3.	श्रीमती अंजली आनंद (स0ब0प0)	9905112661	शेखपुरा	अरैया, थाना नं0–206
4.	श्री राजेश कुमार सिंह (स0ब0प0)	9525439088	सुपौल	लक्ष्मणदास चकला, थाना नं0–252
5.	श्री प्रकाश कुमार सिन्हा (स0ब0प0)	8210953809	सुपौल	दुलारी थाना सं0–207

उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि अपने जिला अंतर्गत उपरोक्त पाँच राजस्व ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर अविलंब प्रपत्र–6 को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य प्रारंभ कराते हुए नियमानुकुल अग्रेतर कार्रवाई पूर्ण की जाए। सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि संबंधी User Manual एवं प्रपत्र–6 में की जाने वाली प्रविष्टियों के संबंध में निदेशालय का पत्रांक– 144 दिनांक– 19.01.2021 एवं पत्रांक– 145 दिनांक–19.01.2021 आवश्यक निदेश निर्गत हैं।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा)–366 / 2019..202.... **पटना, दिनांकः**–21-01-2021

प्रतिलिपि :– शेखपुरा एवं सुपौल, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा)–366 / 2019..202.... **पटना, दिनांकः**–21-01-2021

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा)–366 / 2019..202.... **पटना, दिनांकः**– 21-01-2021

प्रतिलिपि :–संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा)–366 / 2019..202.... **पटना, दिनांकः**– 21-01-2021

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप